में परीक्षा नही देता अथवा अप्रैल में हुई परीक्षा में परीक्षा देकर सभी या किसी एक विषय में फेल हो जाता है, वह इन कोर्सों में आगामी तीन लगातार परीक्षाओं में बैठ सकता है ।

4.4 जिस परीक्षार्थी के वर्ष में अप्रैल में होने वाली परीक्षा के लिए आवश्यक लैक्चरों और प्रैक्टिकलों में हाजरियों में कमी हो, वह इस कमी को पूरा करके आगामी परीक्षा में बैठ सकता है और विनियम 4.3 में दिये गये अवसरों का लाभ उठा सकता है ।

4.5 जो विद्यार्थी फेल हो जाता है अथवा पहली/दूसरी/तीसरी बी० फार्म परीक्षा के कुल अंकों में कम से कम 200 अंकों के कोर्स/कोर्सों में परीक्षा नहीं देता, वह विनियम 4.1 में निर्धारित शर्तों के अन्तर्गत आवश्यकता अनुसार, इन कोर्स/कोर्सों में और दूसरी/तीसरी अन्तिम परीक्षा में देने के योग्य होगा । उच्च परीक्षा का परिणाम उतनी देर घोषित नहीं किया जाएगा जितनी देर उसने निम्न परीक्षा के सारे कोर्स पास न कर लिए हों ।

4.6 जो विद्यार्थी सम्बन्धित वर्ष के अप्रैल में हुई पहली परीक्षा और तीन आगामी परीक्षाओं के सभी अथवा किसी एक कोर्स में नही बैठता या फेल हो जाता है उसे बैचुलर आफ फार्मेसी की डिग्री के लिए पढ़ाई जारी रखने से रोक दिया जाएगा ।

4.7 जो विद्यार्थी सम्बन्धित वर्ष के अप्रैल में हुई दूसरी/तीसरी/अन्तिम बी० फार्म परीक्षा और उसके बाद की तीन आगामी परीक्षाओं के सभी अथवा किसी एक कोर्स में नहीं बैठता या फेल हो जाता है, उसे उस शिक्षा कोर्स की पढ़ाई फिर से करनी पड़ेगी और सम्बन्धित परीक्षा के सभी कोर्सों में फिर से बैठना पड़ेगा ।

5. परीक्षार्थी द्वारा दी जाने वाली परीक्षा फीस प्रत्येक परीक्षा के लिए 45/- रुपये होगी ।

रि-अपीयरिंग के लिए परीक्षार्थी प्रत्येक परीक्षा के प्रत्येक विषय के लिए 25/- रुपये दाखिला फीस देगा जो सम्बन्धित परीक्षा के लिए अधिक से अधिक 45/- रुपये होगी और रि-अपीयरिंग के लिए दाखिला फीस दूसरी परीक्षा, यदि कोई हो, के लिए वसूल की गई दाखिला फीस के अतिरिक्त होगी जिस में वह बैठ रहा हो ।

6.1 परीक्षा का माध्यम अंग्रेजी होगा ।

6.2 परीक्षा सीनेट द्वारा निर्धारित किये पाठ्यक्रम के अनुसार होगी ।

6.3 पहली/दूसरी/तीसरी और अन्तिम परीक्षाओं के प्रत्येक पेपर में दस प्रतिशत अंक, लिखित और प्रैक्टिकल दोनों के लिए अलग-अलग निश्चित होंगे । दिये गए अंकों को विभागाध्यक्ष/कालेज के प्रिंसीपल, जैसा भी केस हो, द्वारा प्रमाणित किए जाएंगे और अप्रैल/सितम्बर परीक्षा, जैसा भी केस हो, के लिए सम्बन्धित पेपर के लिए निश्चित अंकों में गिने जायेंगे ।

7. परीक्षा पास करने के लिए प्रत्येक कोर्स के लिए 50 प्रतिशत अंक चाहिए होंगे ।

8.1 जो परीक्षार्थी किसी कोर्स (कोर्सों) में फेल हो जाता जाता है, उसे अस्थायी रूप में अगली उच्च क्लास में दाखिला दिया जा सकता है ।

बशर्ते कि परीक्षार्थी को तीसरे/चौथे वर्ष की क्लास में तभी दाखिल होने की आज्ञा दी जायेगी यदि उसने क्रमानुसार पहले/दूसरे वर्ष की परीक्षा (सभी कोर्स) पास कर ली हो ।

8.2 जिस विद्यार्थी ने पहली/दूसरी/तीसरी अनुपूरक परीक्षा पास कर ली हो, वह आगामी वर्ष के अप्रैल में, जैसा भी केस हो, दूसरी/तीसरी/अन्तिम परीक्षा में बैठने के योग्य होगा । जो परीक्षार्थी पहली/दूसरी/तीसरी वार्षिक परीक्षा, पास कर लेता है, वह उसी वर्ष के सितम्बर में, जैसा भी केस हो, दूसरी/तीसरी/अन्तिम परीक्षा में बैठ सकता है यदि वह विनियम 4.1 में दी गई शर्तों को पूरा करता हो ।

9.1 80 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले सफल परीक्षार्थी को उस कोर्स/कोर्सों में "वैशिष्टय" सहित पास किया गया माना जाएगा ।

9.2 रजिस्ट्रार परीक्षा के बाद जितना शीघ्र हो सके परिणाम की घोषणा करेंगे ।

9.3 पहली/दूसरी/तीसरी परीक्षा के सफल परीक्षार्थी को प्रमाण पत्र दिया जाएगा ।

8.4 बी० फार्म की डिग्री के लिए सफल परीक्षार्थी को डिप्लोमा प्रदान किया जाएगा ।

× × ×

13. कैलेन्डर, भाग 2, 1984 के पृष्ठ 529 पर कोरसपोंडेंस कोर्सिज के लिए विनियम 6.1 निम्नानुसार होगा :—

6.1 कोरसपोंडेंस कोर्सिज निदेशालय का प्रबन्ध स्थायी समिति करेगी जो आगे सिंडीकेट की निगरानी और सीनेट के सामान्य नियन्त्रण में काम करेगी : सिंडीकेट द्वारा नियुक्त स्थायी समिति में शामिल होंगे :—

1. कुलपति ..... (अध्यक्ष) ..... पदानुसार
2. डी० यू० आई० (पदानुसार)
3. सिंडीकेट के दो नामजद व्यक्ति जिनमें से एक निदेशालय के अध्ययन विषयों से सम्बन्धित फैकलटी का डीन होगा ।
4. एक प्रोफेसर, एक रीडर और एक लेक्चरार कोरसपोंडेंटस निदेशालय में से जिसे कुलपति प्रवरता के आधार पर नामजद करेगा ।

5. कुलपति द्वारा यूनिवर्सिटी के बाहर से दूर शिक्षा के क्षेत्र में से दो विशेषज्ञ ।

6. कोर्सपोंडेंस कोर्सिज का निदेशक (पदानुसार, सदस्य, सचिव)

पदानुसार सदस्यों के इलावा स्थायी समिति के सदस्य दो वर्ष के लिए पद संभालेंगे । स्थायी समिति की एकत्रता के लिए कोरम चार सदस्यों का होगा।

× × ×

14. कैलेन्डर, भाग 2, 1984 के फैकलटी आफ फार्मेस्यूटिकल साइंसिज में पी० एच० डी० डिग्री प्रदान करने के लिए विनियम निम्नानुसार होंगे :—

1.1 फैकलटी आफ फार्मेस्यूटिकल साइंसिज में डाक्टर आफ फ़िलास्फी की डिग्री के लिए परीक्षार्थी को फार्मेस्यूटिक्स, फार्मेस्यूटिकल, साइंसिज, फार्मेकागनोजी अथवा फार्मेकालोजी में मास्टर आफ फार्मेसी होना चाहिए ।

1.2 फैकलटी उस व्यक्ति को भी पी० एच० डी० करने के लिए आज्ञा दे सकती है, यदि उसने

(क) फार्मेसी में ग्रैजुएशन की हो, और

(ख) किसी अन्य यूनिवर्सिटी/संस्था से विनियम 2.1 में वर्णित विषयों से सम्बन्धित विषय में मास्टर्ज डिग्री प्राप्त की है ।

2.1 जो व्यक्ति पी० एच० डी० शोध के लिए स्वीकार्य होना चाहता है, शोध कार्य शुरु करने से पहले चैयरमैन की मार्फत निश्चित पंजीयन फार्म पर 50/- रुपये की फीस, जो वापिस नहीं की जाएगी, के साथ आवेदन-पत्र प्रस्तुत करेगा ।

2.2 पंजीयत परीक्षार्थी 25/- रुपये प्रति महीना की फीस अदा करेगा ।

बशर्ते कि पंजाब यूनिवर्सिटी, यूनिवर्सिटी ग्रांटस कमीशन और अन्य समान संस्थाओं द्वारा वजीफा/फैलोशिप प्राप्त कर्ताओं और अध्यापकों को यह फीस देने से छूट होगी ।

3. परीक्षार्थी अपना शोध–कार्य यूनिवर्सिटी में फार्मेस्यूटिकल साइंसिज के विभाग अथवा फैकल्टी द्वारा इस कार्य के लिए स्वीकृत केन्द्र पर करेगा ।

3.1 पंजीयन की तिथि से एक वर्ष के अन्दर परीक्षार्थी अध्यक्ष की मार्फत पंजीकरण के लिए निश्चित फार्म पर दरखास्त करेगा और निम्नानुसार प्रस्तुत करेगा—

(क) अपने थीसिस का विषय और

(ख) शोध-प्राजैक्ट की रूपरेखा ।

बशर्ते कि बोर्ड पंजीकरण के लिए आवेदनपत्र प्रस्तुत करने में हुई देरी को माफ कर सकता है ।

3.2 आवेदन पत्र को आगे भेजते समय, अध्यक्ष शोध-कार्य में आवेदक का मार्ग-निर्देशन करने के लिए शोध-निरीक्षक/संयुक्त शोध निरीक्षकों की भी सिफारिश करेगा ।

3.3 शीर्षक इत्यादि के पंजीकरण और स्वीकृति के लिए आवेदन पत्रों (विनियम 4.1) को रजिस्ट्रार दफ्तर द्वारा छानबीन करने के बाद, इन्हें विचारने के लिए बोर्ड को भेज दिया जायेगा ।

3.4 बोर्ड प्रत्येक आवेदन-पत्र पर विचार करेगा और सिफारिश करेगा कि;

(क) शोध के लिए प्रस्तावित विषय और

(ख) सिफारिश किया गया/किए गए शोध-निरीक्षक, सही हैं और यदि सही है तो इसको मंजूरी देगा । यदि बोर्ड यह महसूस करे कि विषय और/अथवा शोध निरीक्षक सही नहीं है, तो यह या तो आवेदन-पत्र को रद्द कर सकता है या कारण बताकर उचित परिवर्तन करने का सुझाव दे सकता है ।

3.5 थीसिस का विषय और बोर्ड द्वारा सिफारिश किये शोध निरीक्षक/निरीक्षकों को फैकल्टी द्वारा विचारा जाएगा । उसे इस प्रयोजन के लिए बुलाई विशेष एकत्रता में किसी विशेषज्ञ को नामांकित करने का अधिकार होगा ।

3.6 फैकलटी यह फैसला करेगी कि आवेदन का पंजीकरण करना है या नहीं ।

3.7 परीक्षार्थी अपने थीसिस का शीर्षक बदलने के लिए अपने निरीक्षक की मार्फत अध्यक्ष की आज्ञा के लिए आवेदन-पत्र दे सकता है । ऐसे आवेदन-पत्रों पर पहले बोर्ड द्वारा और फिर फैकलटी द्वारा विचार किया जाएगा ।

4.1 परीक्षार्थी अपना शोध-कार्य तीन साल जारी रखेगा । यदि वह इस समय में अपना शोध-कार्य और थीसिस पूरा नहीं कर सकता, वह अपने निरीक्षक और अध्यक्ष की मार्फत समय-वृद्धि के लिए आवेदन-पत्र दे सकता है ।

फैकल्टी अधिक से अधिक दो वर्ष की समय-वृद्धि की अनुमति दे सकती है ।
बशर्ते कि :—

(1) समय-वृद्धि एक बार में एक साल से अधिक नहीं दी जाएगी, और

(2) समय-वृद्धि के लिए आवेदन-पत्र के साथ 25/– रुपये की फीस भी देनी पड़ेगी ।

4.2 एक वर्ष का शोध-कार्य समाप्त होने पर, परीक्षार्थी को अध्यक्ष द्वारा किसी अन्य मान्य

केन्द्र पर अपना शोध-कार्य जारी रखने की आज्ञा दी जा सकती है यदि :—

(क) विभाग में आगे काम करने की सुविधाएं प्राप्त न हों,

अथवा

(ख) अध्यक्ष की यह सन्तुष्टि हो जाए कि ऐसे केन्द्र पर शोध-कार्य करना परीक्षार्थी के हित में होगा । बशर्ते कि निरीक्षक, परीक्षार्थी से प्राप्त अर्ध वार्षिक रिपोर्टों की छानबीन करके उसके शोध-कार्य में परीक्षार्थी द्वारा वृद्धि का मूल्यांकन करने के लिए, यदि आवश्यकता पड़े, उसे बुला सकता है ।

4.3 परीक्षार्थी और निरीक्षक बोर्ड के विचार के लिए समय-समय पर शोध-कार्य के बारे में अध्यक्ष को रिपोर्ट करते रहेंगे । ऐसी रिपोर्ट साल में कम से कम एक बार अवश्य प्रस्तुत की जाएगी ।

4.4 यदि निरीक्षक परीक्षार्थी के काम के बारे में विपरीत रिपोर्ट देता है तो इस बात का फैसला करने के लिए कि परीक्षार्थी को पी० एच० डी० डिग्री के लिए अपनी शोध जारी रखने की आज्ञा देनी है या नहीं, यह मामला बोर्ड के सामने रखा जायेगा ।

4.5 परीक्षार्थी और निरीक्षक/निरीक्षकों में मतभेद/झगड़ा उत्पन्न होने की हालत में, फैसले के लिए यह मामला बोर्ड के सामने रखा जायेगा । यदि उचित समझें तो बोर्ड इस मामले में विशेषज्ञ को नामजद कर सकता है अथवा उसकी सलाह ले सकता है ।

5.1 विनियम 5.1 के अधीन बढ़ाए गए समय के समाप्त होने के 30 दिन के अन्दर परीक्षार्थी अपना थीसिस प्रस्तुत करेगा ।

बशर्ते कि फैकल्टी बोर्ड की सिफारिश पर, उचित कारण बताकर अच्छे काम वाले परीक्षार्थी को, जिसने पहले ही काफी उपयोगी मान्यता प्राप्त कार्य किया है, अधिक से अधिक एक साल तक छूट दे सकती है और अपना थीसिस पंजीयन और शोध के दो साल बाद प्रस्तुत करने की आज्ञा दे सकती है ।

आगे बशर्ते कि परीक्षार्थी अपना थीसिस पंजीकरण की तिथी से एक साल से पहले प्रस्तुत नहीं कर सकेगा ।

फैकल्टी इन शर्तों को जहां तक चाहे माफ कर सकती है ।

5.2 यदि कोई परीक्षार्थी विनियम 5.1 और 6.1 के अन्तर्गत समय समाप्त होने के बाद अपना थीसिस प्रस्तुत करता है, फैकल्टी का डीन तीन महीने तक की देरी को माफ कर सकता है । कुलपति प्रत्येक केस के गुणों के आधार पर और फैकल्टी की सिफारिश पर जहां तक चाहे देरी को माफ कर सकता है ।

5.3 शोध-कार्य समाप्त होने पर और इन विनियमों में अनुमत समय के अनुसार, परीक्षार्थी अपने थीसिसकी चार छपी हुई, टाईप की हुई अथवा रिप्रोग्राफड प्रतियां प्रस्तुत करेगा और नीचे दी गई शर्तों को पूरा करेगा :—

(1) थीसिस के साथ

(क) 300/– रुपये की फीस

(ख) अपने शोध-निरीक्षक का प्रमाणपत्र (जो सिंडीकेट द्वारा निर्धारित किया हो) जिसमें उस समय का जिक्र किया गया हो जिसमें परीक्षार्थी ने शोध की है और यह कि थीसिस पी० एच० डी० की डिग्री प्रदान करने के लिए योग्य है ।

(2) थीसिस मौलिक शोध-कार्य का साक्षी होना चाहिए जिसमें या तो नए तथ्यों की खोज की गई हो या परिचित तथ्यों अथवा सिद्धान्तों की नई व्याख्या की गई हो; किसी भी हालत में यह मौलिक शोध, आलोचनात्मक परीक्षण और निर्णय के लिए परीक्षार्थी के सामर्थ्य का साक्षी होना चाहिए ।

(3) साहित्यिक पेशकारी में थीसिस सन्तोषजनक होगा ।

(4) थीसिस संकेत करेगा कि यह परीक्षार्थी की अपनी शोध अथवा निरीक्षण के परिणामों और उन आधारों को जिनके अनुसार परीक्षार्थी की खोज ने अपने विषय के अध्ययन को आगे बढ़ाया है, कैसे स्पष्ट रूप से व्यक्त करता है ।

बशर्ते कि :—

(क) परीक्षार्थी अपने थीसिस में अपने किसी भी काम के सारतत्व को निहित कर सकता है जो उसने इस विषय पर प्रकाशित किया हो, परन्तु उसको अपने थीसिस के रूप में कोई ऐसा शोध-कार्य प्रस्तुत नहीं करना चाहिए जिसके लिए इस या किसी अन्य यूनिवर्सिटी संस्था ने डिग्री प्रदान की हो ।

(ख) अपने शोध-निरीक्षक के साथ मिलकर किसी भी संयुक्त शोध को थीसिस के विषय के तौर पर नहीं माना जाएगा । थीसिस में तो परीक्षार्थी का अपना काम निहित होना चाहिए, जो उसकी व्यक्तिगत प्राप्ति

होनी चाहिए । आगे अशर्ते कि परीक्षार्थी अपने थीसिस की पुष्टि के लिए सहायक सामग्री के रूप में अपने विषय को आगे बढ़ाने के लिए स्वतन्त्र रूप में या संयुक्त रूप में प्रकाशित कार्य को प्रस्तुत कर सकता है । जहां यह सहायक सामग्री पेश की जाए, परीक्षार्थी ऐसे संयुक्त काम में अपने व्यक्तिगत योगदान को विशेष रूप में वर्णन करेगा । और इसको शोध-निरीक्षक से उचित रूप में प्रमाणित करवायेगा ।

(ग) परीक्षार्थी अपने निरीक्षक और अध्यक्ष से प्रतिहस्ताक्षरित, लिखित घोषणा करेगा कि यह थीसिस मूल रूप में वही नहीं है जो उसने पहले किसी अन्य यूनिवर्सिटी/संस्था को प्रस्तुत किया था ।

(घ) थीसिस को शोध-कार्य का अधिकांश भाग विनियम 2.1/2.2 में निर्धारित मूल योग्यता प्राप्त करने के बाद होना चाहिए ।

6.1 थीसिस फैकल्टी द्वारा अनुमोदित सूची में से सिंडीकेट/कुलपति द्वारा नियुक्त दो परीक्षकों के पास भेजा जाएगा । परीक्षक सिफारिश करेंगे :—

कि थीसिस पी०एच०डी०
स्वीकार कर लिया जाए : डिग्री प्रदान करने के लिए

अथवा

थीसिस रद्द कर दिया जाए

अथवा

थीसिस आवश्यक संशोधन करने के बाद पुर्न प्रस्तुत किया जाए और इस उद्देश्य के लिए जो वे उचित समझते हों सुझाव दे सकते हैं । अशर्ते कि यूनिवर्सिटी द्वारा परीक्षक/परीक्षकों की टिप्पणियां प्रदान करने के एक साल के अन्दर परीक्षार्थी साधारणतया संशोधित थीसिस को पुर्न प्रस्तुत करेगा । फैकल्टी का डीन अधिक से अधिक एक साल तक की विशेष समय वृद्धि कर सकता है ।

6.2 यदि परीक्षकों ने थीसिस की पुर्न प्रस्तुति के लिए सिफारिश की है तो यह केवल एक बार ही पुर्नप्रस्तुत किया जा सकता है । और इसका मूल्यांकन वही परीक्षक करेंगे जिन्होंने इसका मल्यांकन पहले किया था, जब तक उनमें से कोई एक या वे दोनों ऐसा करने के लिए अयोग्य या सहमत न हों ।

6.3 जिस परीक्षार्थी को थीसिस पुर्न प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है उसको इसके साथ विनियम 6.3 में निर्धारित फीस की आधी राशि थीसिस के साथ जमा करवानी पड़ेगी ।

6.4 यदि थीसिस की स्वीकृति के बारे में दो परीक्षकों में मतभेद हो, तो कुलपति थीसिस को किसी तीसरे परीक्षक के पास भेज सकता है जो साधारणतया अनुमोदित सूची से अलग होगा ।

6.5 रद्द किये गए थीसिस के अलावा, अन्य में मौखिक परीक्षा होगी । थीसिस के परीक्षक, यदि वे चाहें, अपनी रिपोर्टों के साथ कुछ प्रश्न भी भेज सकते हैं जिनका प्रयोग मौखिक परीक्षा के लिए निर्मित बोर्ड कर सकता है । इस बोर्ड में कुलपति द्वारा नियुक्त तीन परीक्षक शामिल होंगे जिनमें विभागाध्यक्ष और परीक्षार्थी का निरीक्षक भी शामिल होंगे । यदि बोर्ड तीन में से दो सदस्य उपस्थित हैं, तो मौखिक परीक्षा होगी, पर शर्त यह है कि इनमें से एक बाहरी परीक्षक होगा ।

6.6 थीसिस के परीक्षकों और मौखिक परीक्षा लेने वाले बोर्ड की रिपोर्ट सिंडीकेट द्वारा विचारी जायेगी । सिंडीकेट फैसला कर सकती है :—

(1) क्या डाक्टर आफ फिलासफी की डिग्री प्रदान की जाए,

(2) क्या परीक्षार्थी को अपना थीसिस संशोधन करने और पुर्नमूल्यांकन के लिए पुर्नप्रस्तुत करने को कहा जाए,

(3) क्या थीसिस रद्द कर दिया जाए ।

6.7 रजिस्ट्रार सिंडीकेट के फैसले के अनुसार परिणाम अधिसूचित करेगा ।

7.1 यदि कोई परीक्षार्थी इन विनियमों के अधीन दिए समय में अपना थीसिस प्रस्तुत नहीं कर पाता, उसका पंजीयन/पंजीकरण रद्द कर दिया जाएगा, परन्तु उसको किसी अन्य विषय पर दुबारा रजिस्टर करवाने की आज्ञा दी जा सकती है— केवल उन अपवादात्मक हालातों को छोड़कर जब वह काफी दीर्घ समय के लिए बीमार पड़ गया हो अथवा सैनिक सेवा की संकटकालीन व्यवस्था ने उसे ऐसा न करने दिया हो, वह उसी विषय पर रजिस्टर हो सकता है ।

7.2 यदि परीक्षार्थी का निरीक्षक, जो किसी अन्य यूनिवर्सिटी की पी० एच० डी० डिग्री के लिए शोध कार्य का निरीक्षण कर रहा हो, विभाग में काम कर रहा हो, तो परीक्षार्थी को इस यूनिवर्सिटी की पी० एच० डी० डिग्री के लिए अपना पंजीयन उसी निरीक्षक के अधीन करवाने की आज्ञा दी जा सकती है, परन्तु शर्त यह है कि वह इन विनियमों को पूरा करता हो । ऐसा परीक्षार्थी पंजीयन से एक साल के बाद ही अपना थीसिस प्रस्तुत कर सकेगा ।

7.3 इन विनियमों के लागू होने से पहले जो व्यक्ति पी० एच० डी० डिग्री के लिए पहले रजिस्टर्ड हुआ है, वह यदि चाहे तो पुराने विनियमों के अनुसार अपना काम जारी रख सकता है ।

× × ×

15. कैलेन्डर, भाग 2, 1984 के फारसी में सर्टिफिकेट कोर्स के लिए नए विनियम निम्नानुसार होंगे :—

(1986 की परीक्षाओं से लागू)

1.1 फारसी में सर्टीफिकेट कोर्स की अवधि एक अकादमिक वर्ष होगी ।

1.2 परीक्षा सिंडीकेट द्वारा निश्चित की गई तिथियों पर वर्ष में एक बार साधारणतया मई के महीने में होगी ।

1.3 सिंडीकेट द्वारा निश्चित की गई परीक्षा की तिथि और 5 रुपये की देरी फीस सहित और इसके बिना दाखिला फार्म प्राप्त करने की अन्तिम तिथि को रजिस्ट्रार अधिसूचित करेगा ।

2. जिस व्यक्ति ने नीचे दी गई परीक्षाओं में से कोई एक परीक्षा पास की हो, वह इस कोर्स में दाखिला लेने के लिए योग्य होगा ।

(क) पंजाब यूनिवर्सिटी से 1970 से पहले, अथवा पंजाब/ हरियाना के स्कूल शिक्षा बोर्ड अथवा सैकेन्डरी शिक्षा के केन्द्रीय बोर्ड, दिल्ली (केवल संघ क्षेत्र चंडीगढ़ के विद्यार्थी) से हायर सैकेन्डरी की परीक्षा ।

(ख) पंजाब यूनिवर्सिटी की प्री-यूनिवर्सिटी परीक्षा,

(ग) सिंडीकेट द्वारा (क) और (ख) के समान मान्य किसी अन्य यूनिवर्सिटी/बोर्ड की परीक्षा ।

3.1 जो व्यक्ति विनियम 2 में दी गई योग्यताएं पूरा करता है, और पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ के उर्दू/फारसी विभाग के अध्यक्ष द्वारा नीचे दिया प्रमाणपत्र प्रस्तुत करता है, वही परीक्षा देने के योग्य होगा :—

(क) सदाचरण का,

(ख) परीक्षा से पहले के अकादमिक वर्ष में विभाग में दाखिल होने का, और

(ग) क्लास को दिये लैक्चरों में से 75 % लैक्चरों में हाजिर रहने का ।

3.2 निश्चित गिनती के लैक्चरों में कमी की जा सकती है :—

(क) विभागाध्यक्ष द्वारा—15 लैक्चर

(ख) विभागाध्यक्ष की सिफारिश पर डीन आफ यूनिवर्सिटी इन्स्ट्रक्शन द्वारा—25 लैक्चर ।

3.3 जो विद्यार्थी निर्धारित गिनती के लैक्चर पूरा करने के बाद परीक्षा नहीं देता, या परीक्षा में फेल हो जाता है, उसे विभागाध्यक्ष की सिफारिश पर विभाग कोर्स पूरा करने के तीन साल के अन्दर विभाग के लेट विद्यार्थी के रूप में परीक्षा देने की आज्ञा दी जा सकती है ।

4. परीक्षार्थी द्वारा दी जाने वाली दाखिला फीस 50/- रुपये होगी ।

5.1 परीक्षा सीनेट द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार होगी ।

6.2 परीक्षा का माध्यम फारसी होगा : प्रश्न पत्र भी फारसी में होंगे ,

6. परीक्षा पास करने के लिए कम से कम अंक निम्नानुसार होंगे :—

(क) प्रत्येक पेपर में 33%

(ख) कुल अंकों में 40%

(ग) मौखिक परीक्षा में 50%

7.1 सफल परीक्षार्थियों को निम्नानुसार वर्गीकृत किया जाएगा :—

(क) जो कुल अंकों के 60% या अधिक अंक प्राप्त करते हैं — प्रथम दर्जा (फर्स्ट डिवीजन)

(ख) जो कुल अंकों के 50 % से अधिक परन्तु 60 % से कम अंक प्राप्त करते हैं — द्वितीय दर्जा (सैकेन्ड डिवीजन)

(ग) जो कुल अंकों के 50% से कम अंक प्राप्त करते हैं — तीसरा दर्जा (थर्ड डिवीजन)

7.2 रजिस्ट्रार परीक्षा समाप्त होने के चार सप्ताह बाद या जितनी जल्दी हो सके, परीक्षा का परिणाम प्रकाशित करेगा ।

7.3 प्रत्येक सफल परीक्षार्थी को प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा जिसमें प्राप्त अंक और डिवीजन जिसमें उसने परीक्षा पास की है, को दर्ज किया जाएगा ।

× × ×

16. कैलेन्डर, भाग 2, 1984 के पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा कोर्स इन बायोकैमिस्ट्री के लिए नए विनियम निम्नानुसार होंगे :—

1.1 डिप्लोमा इन बायोकैमिस्ट्री के कोर्स की अवधि एक अकादमिक वर्ष होगी ।

1.2 इस कोर्स की परीक्षा साल में दो बार साधारणतया दिसम्बर और मई के महीनों में या सिंडीकेट द्वारा निश्चित की गई तिथियों पर होगी ।

1.3 सिंडीकेट द्वारा निश्चित परीक्षा की तिथि और आवश्यक फीस के साथ दाखिला फार्म प्राप्त करने की अन्तिम तिथि रजिस्ट्रार द्वारा अधिसूचित की जाएगी ।

1.4 परीक्षार्थी द्वारा दी जाने वाली परीक्षा फीस 100/- रुपये या जितनी सिंडीकेट निश्चित करे, होगी ।

2. इस कोर्स के लिए कम से कम योग्यता होगी:—

(क) नीचे दिए गए विषयों में से किसी एक में एम० एस० सी० द्वितीय दर्जे (50%) में कैमिस्ट्री, फिजिक्स, बायोफिजिक्स, बाटनी, जुआलोजी माइक्रोबायालोजी, ऐन्थ्रोपॉलोजी (बी० एस० सी० साईंस विषयों सहित), जैनिटिक्स, बायोलोजी और सम्बन्धित विषय

(ख) पंजाब यूनिवर्सिटी या सिंडिकेट द्वारा (क) के समान मान्य किसी अन्य यूनिवर्सिटी के उपर्युक्त विषयों में एम० एस० सी० आनर्ज स्कूल डिग्री ।

3. जिस व्यक्ति की विनियम 2 में निर्धारित योग्यताएं हैं, वह परीक्षा देने के योग्य होगा, बशर्ते कि वह बायोकैमिस्ट्री विभाग के अध्यक्ष/चेयरमैन द्वारा हस्ताक्षरित नीचे दिये प्रमाणपत्र पेश करे :—

(क) सदाचरण का,

(ख) परीक्षा से पहले के अकादमिक वर्ष में बायोकैमिस्ट्री विभाग में दाखिल रहने का, और

(ग) क्लास को क्रमानुसार (थिऊरी, प्रैक्टिकलों और शिक्षण कार्यक्रमों में दिये गये लैक्चरों में 66% में हाजिर रहने का :

4.1 लैक्चरों की आवश्यक गिनती में कमी माफ की जा सकती है :—

(क) बायोकैमिस्ट्री के बोर्ड आफ कंट्रोल द्वारा 10% तक

(ख) बायोकैमिस्ट्री के बोर्ड आफ कंट्रोल की सिफारिश पर डीन आफ यूनिवर्सिटी इन्स्ट्रक्शन द्वारा 15% तक ।

4.2 डीन आफ यूनिवर्सिटी इन्स्ट्रक्शन के अनुमोदन के अधीन, बायोकैमिस्ट्री में बोर्ड आफ कंट्रोल को इस द्वारा निर्णित सीटों पर विद्यार्थियों को दाखिल करने का अधिकार होगा और इसे अकादमिक काउंसिल द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार कोर्स या क्लास से विद्यार्थियों को निकालने का अधिकार होगा ।

4.3 प्रत्येक विद्यार्थी बोर्ड आफ कंट्रोल के नियन्त्रण और अनुशासन में होगा । बोर्ड आफ कंट्रोल को किसी विद्यार्थी को दुराचरण की हालत में कोर्स में से निकालने का अधिकार होगा ।

4.4 डीन आफ यूनिवर्सिटी इन्स्ट्रक्शन के अनुमोदन के अधीन बोर्ड आफ कंट्रोल को इन विनियमों के अन्तर्गत न आए किसी मामले पर निर्णय लेने का अधिकार होगा ।

5. परीक्षा निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार होगी ।

6. परीक्षा का माध्यम अंग्रेजी होगा ।

7. आंतरिक मूल्यांकन परीक्षार्थी के प्रैक्टिकल क्लासों में दैनिक निष्पत्ति के रिकार्ड पर आधारित होगा ।

8. थिऊरी पेपरों और प्रैक्टिकलों की गिनती अर्थात् थिऊरी पेपरों, प्रैक्टिकलों और मौखिक परीक्षा में अंकों का विभाजन पाठ्यक्रम के अनुसार होगा ।

8.1 परीक्षा पास करने के लिए

(क) प्रत्येक थिऊरी पेपर

(ख) प्रत्येक प्रैक्टिकल में कमसे कम 50% अंकों की आवश्यकता होगी ।

8.2 पेपर को आंतरिक और बाहरी परीक्षक मिलकर तैयार करेंगे (आंतरिक परीक्षक वह होगा जिसने वास्तव में कोर्स पढ़ाया हो) प्रैक्टिकलों की परीक्षा बोर्ड आफ कंट्रोल द्वारा लिए निर्णय के अनुसार होगी । बोर्ड सम्बन्धित प्रैक्टिकल पेपरों में सम्बन्धित बाहरी परीक्षार्थी और आंतरिक परीक्षकों की नियुक्ति करेगा जिसमें सम्बन्धित पेपर (पेपरों) में मौखिक परीक्षा भी शामिल होगी ।

8.3 उत्तर पत्रों का मूल्यांकन आंतरिक और बाहरी परीक्षक स्वतन्त्र रूप में करेंगे । यदि दोनों परीक्षकों द्वारा दिये गए अंकों का अन्तर 15 प्रतिशत से अधिक न हो, तो दोनों अंकों की औसत को अन्तिम माना जायेगा । यदि अंकों का यह अन्तर 15 प्रतिशत से अधिक हो तो, उत्तर पत्र मूल्यांकन के लिए तीसरे परीक्षक के पास भेजे जायेंगे और वो अधिकतम अंकों की औसत को अन्तिम अंक मान लिया जायेगा ।

8.4 जो परीक्षार्थी पहली परीक्षा में फेल हो जाता है, उसको आगामी वर्ष में परीक्षा देने की आज्ञा दी जा सकती है, पर उसे दो अवसरों से अधिक अवसर नहीं दिये जायेंगे ।

8.5 जो परीक्षार्थी एक या अधिक थिऊरी पेपरों में अथवा एक या अधिक प्रैक्टिकलों में फेल हो जाता है, उसे आगामी परीक्षा में सम्बन्धित थिऊरी और/या प्रैक्टिकलों पेपर (पेपरों) में रि-अपीयर होने की आज्ञा दी जा सकती है ।

8.6 जितनी देर परीक्षार्थी इस पेपर में पास नहीं हो जाता, उतनी देर तक वह ट्यूशन फीस देगा ।

9. कुल अंकों का 70 प्रतिशत या अधिक अंक प्राप्त करने वाले परीक्षार्थी को "मैरिट ग्रेड" में रखा जायेगा और मैरिट अनुसार उसका स्थान

और उस द्वारा प्राप्त किये गये अंकों की प्रतिशतता को डिप्लोमे में दर्ज किया जाएगा। कुल अंकों में से 60 प्रतिशत या अधिक और 70 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त करने वाले परीक्षार्थी को "वेरी गुड ग्रेड" में रखा जाएगा जिसे उस द्वारा प्राप्त किये अंकों की प्रतिशतता सहित उसके डिप्लोमा में दर्ज किया जायेगा। जो परीक्षार्थी कुल अंकों का 50 प्रतिशत या अधिक परन्तु 60 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त करते हैं, उनको "गुड ग्रेड" में रखा जाएगा जिसे परीक्षार्थी द्वारा प्राप्त किये अंकों सहित उसके डिप्लोमा में दर्ज किया जाएगा।

10. प्रत्येक सफल परीक्षार्थी डिप्लोमा प्राप्त करेगा जिस में परीक्षार्थी द्वारा प्राप्त किए अंकों की प्रतिशतता और ग्रेड अर्थात उसके शोध-निबन्ध का विषय/सारातत्व दिया जाएगा। यह डिप्लोमा परीक्षार्थी को यूनिवर्सिटी की वार्षिक कान्वोकेशन में प्रदान किया जायेगा।

11. प्रत्येक सिमैस्टर परीक्षा के कुल अंक और क्रैडिट निम्नानुसार होंगे :—

सिमैस्टर 1	सिमैस्टर 2
500 अंक	500 अंक
20 क्रैडिट	20 क्रैडिट

प्रत्येक पेपर को नियत किये सही अंकों और क्रैडिटों (100 अंकों के पेपर को चार क्रैडिट नियत किये जायेंगे) का निर्णय बोर्ड आफ कंट्रोल करेगा जो प्रत्येक पेपर में दिए लैक्चरों/प्रैक्टिकलों की गिनती को भी ध्यान में रखेगा।

× × ×

17. कैलेन्डर, भाग 2, 1984 के बैचुलर आफ फिजीकल एजुकेशन (सिमैस्टर सिस्टम) के लिए नए विनियम निम्नानुसार होंगे —

बैचुलर आफ फिजीकल ऐजुकेशन
(सिमैस्टर सिस्टम)

1.1 बैचुलर आफ फिजीकल ऐजुकेशन की डिग्री के लिए कोर्स की अवधि एक अकादमिक वर्ष होगी जिस के दो सिमैस्टर होंगे। प्रत्येक सिमैस्टर निम्नानुसार 17 सप्ताह का होगा :

पहला सिमैस्टर : जुलाई . . . से नवम्बर . . . तक
दूसरा सिमैस्टर : जनवरी . . . से मई . . . तक

1.2 पहले सिमैस्टर के लिए परीक्षा दिसम्बर के महीने में और दूसरे सिमैस्टर की मई के महीने में या उन तिथियों पर होगी जो सिंडीकेट द्वारा समय-समय पर निश्चित की जाएं।

1.3 जिन तिथियों तक निश्चित दाखिला फार्म और फीस रजिस्ट्रार के पास पहुंच जानी चाहिए, निम्नानुसार होंगी —

देरी फीस के बिना	51 रुपये की देरी फीस के साथ
दिसम्बर परीक्षा के लिए	रजिस्ट्रार द्वारा निश्चित की जायेगी।
देरी फीस के बिना	51 रुपये की देरी फीस के साथ
मई परीक्षा के लिए	रजिस्ट्रार द्वारा निश्चित की जायेगी।

बिना देरी फीस अन्तिम तिथि के बाद दाखिला फार्म और फीस प्राप्त करने के लिए तीन रियायती दिन दिये जायेंगे।

2.1 जिस व्यक्ति के पास नीचे दी गई योग्यताओं में कोई योग्यता है, वह कोर्स में दाखिला ले सकता है :—

(क) पंजाब यूनिवर्सिटी के किसी भी विषय में 45 प्रतिशत अंकों के साथ बैचुलर/पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री।

(ख) सिंडीकेट द्वारा (क) के समान मान्य किसी अन्य यूनिवर्सिटी के किसी विषय में 45 प्रतिशत अंकों के साथ बैचुलर/पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री।

बशर्ते कि धारा (क) या (ख) के अधीन दाखिल किया परीक्षार्थी, इस कोर्स के दाखिले के समय, सिंडीकेट द्वारा परिभाषित मानक शारीरिक कुशलता परीक्षण पास कर सके।

2.2 प्रत्येक सिमैस्टर की परीक्षा उस परीक्षार्थी के लिए खुली होगी जो विनियम 2.1 में निर्धारित शर्तें पूरा करता है और यूनिवर्सिटी विभाग के चेयरमैन अध्यक्ष से नीचे दिए प्रमाण पत्र पेश करता है :—

(क) सदाचरण का,

(ख) सिमैस्टर के दौरान प्रत्येक कोर्स में कम से कम 66 प्रतिशत लेक्चरों में हाजिर रहने का,

(ग) परीक्षा से पहले सिमैस्टर में विभाग में दाखिल रहने का।

2.3 थिऊरी/प्रैक्टिकल/सेमिनारों/ट्यूटोरिअलों इत्यादि में निश्चित गिनती के लेक्चरों में 10 प्रतिशत तक की कमी को यूनिवर्सिटी विभाग का चेयरमैन/अध्यक्ष माफ कर सकता है।

3.1 परीक्षार्थी द्वारा प्रत्येक सिमैस्टर के लिए दी जाने वाली दाखिला फीस की राशि 50/- रुपये होगी।

3.2 प्रत्येक सिमैस्टर परीक्षा के लिए परीक्षार्थी विभागाध्यक्ष से उचित रूप में प्रतिहस्ताक्षरित निर्धारित फार्म पर अपना दाखिला आवेदन पत्र प्रस्तुत करेगा जिसके साथ आवश्यक प्रमाण पत्र और निर्धारित परीक्षा फीस भी पेश की जायेगी।

3.3 परीक्षार्थी विभिन्न सिमैस्टरों के लिए अलग-अलग दाखिला फार्म प्रस्तुत करेगा जिनमें प्रत्येक सिमैस्टर

परीक्षा के लिए पेश किये कोर्स/कोर्सों का उल्लेख किया जायेगा ।

3.4 परीक्षार्थी रि-अपीयर समय प्रत्येक सिमैस्टर परीक्षा में प्रति कोर्स के लिए 25 रुपये दाखिला फीस देगा जो अधिक से अधिक 50 रुपये होगी और रिअपीयर के लिए परीक्षा फीस दूसरी सिमैस्टर परीक्षाओं, यदि कोई हों, वह देने जा रहा है, के लिए वसूल की गई परीक्षा फीस के अतिरिक्त होगी ।

4.1 प्रत्येक सिमैस्टर के लिए पाठ्यक्रम और पठन-कोर्स समय-समय पर सिंडीकेट द्वारा निर्धारित किये जायेंगे ।

4.2 जो परीक्षार्थी कोर्स/कोर्सों में हाजिरी की शर्त को पूरा नहीं करता, उसे अगली बार इस कोर्स/कोर्सों को प्रस्तुत करते समय इनके शिक्षा कोर्स को दुहराना पड़ेगा ।

5. परीक्षा का माध्यम अंग्रेजी होगा ।

6. प्रत्येक सिमैस्टर के विभिन्न कोर्सों के लिए परीक्षा में लिखित परीक्षा या ऐसे अन्य परीक्षण सम्मिलित होंगे जिनका समय-समय पर सिंडीकेट फैसला करती है ।

7.1 प्रत्येक सिमैस्टर में परीक्षा पास होने के लिए प्रत्येक थिऊरी कोर्स में कम से कम 35 प्रतिशत, प्रत्येक प्रैक्टिकल में 40 प्रतिशत और प्रत्येक सिमैस्टर में कुल अंकों के 40 प्रतिशत की आवश्यकता होगी ।

7.2 जो परीक्षार्थी परीक्षा में बैठने के योग्य है परन्तु परीक्षा नहीं देता, या परीक्षा देकर किसी कोर्स/कोर्सों में फेल हो जाता है, वह अगले सिमैस्टर की क्लासों में दाखिल होने और उस सिमैस्टर की परीक्षा में बैठने के योग्य होगा ।

7.3 जो परीक्षार्थी पहले सिमैस्टर की परीक्षा में फेल हो जाता है परन्तु किसी कोर्स/कोर्सों में पास अंक प्राप्त कर लेता है, उसे उस कोर्स/कोर्सों में रि-अपीयर होने से छूट दी जायेगी । ऐसे परीक्षार्थी को अगले साल की मई परीक्षा में दूसरी सिमैस्टर परीक्षा के साथ पहले सिमैस्टर के पास न किए गए कोर्स/कोर्सों में बैठने की आज्ञा दी जाएगी ।

7.4 जो परीक्षार्थी पहले या दूसरे सिमैस्टर के किसी भी कोस/कोर्सों में पास नहीं होता, उसको लेट कालिज विद्यार्थी के रूप में दो साल लगातार उन कोर्स/कोर्सों में बैठने की आज्ञा दी जा सकती है, जिनमें वह फेल हुआ है । दो साल की अवधि उस समय से गिनी जायेगी जब वह दूसरे सिमैस्टर में बैठने के योग्य होगा । यदि वह अब भी इस समय के दौरान इन पेपरों को पास करने में अयोग्य रहता है, तो इसका पहले और दूसरे सिमैस्टर का परिणाम रद्द माना जायेगा । ऐसे परीक्षार्थी को नियमित विद्यार्थी के तौर पर प्रत्येक सिमैस्टर का पूरा कोर्स दुहराए बगैर बैचुलर आफ फ़िजीकल एजूकेशन की परीक्षा में बैठने की आज्ञा नहीं दी जाएगी ।

7.5 कुल 12 कोर्स होंगे : छः कोर्स पहले सिमैस्टर में प्रस्तुत किये जायेंगे और शेष छः कोर्स दूसरे सिमैस्टर में पेश किये जायेंगे । प्रत्येक कोर्स के 50 अंक होंगे । थिऊरी विषयों के पहले सिमैस्टर में 300 अंकों और दूसरे सिमैस्टर में 300 अंक होंगे । प्रत्येक सिमैस्टर में प्रैक्टिकल परीक्षा होगी जिसके लिए पहले सिमैस्टर में 175 अंक और दूसरे सिमैस्टर में 125 अंक होंगे । प्रैक्टिकल पाठ और सिमैस्टर 1 और सिमैस्टर 2 में अंकों का विभाजन निम्नानुसार होगा :—

पहला सिमैस्टर :

(क) सामान्य पाठ 65+10=75 अंक
(ख) खेलों पर पाठ 45+5=50 अंक
(ग) खेल कूद पर पाठ 45+5=50 अंक

दूसरा सिमैस्टर

(क) खेलों और आफिस एटिंग पर पाठ 45+5=50 अंक
(ख) खेलकूद और आफिस एटिंग पर पाठ 45+5=50 अंक
(ग) योग और गतिशील शिक्षा पर पाठ 25 अंक

7.6 प्रत्येक पेपर को बाहरी परीक्षक तैयार करेगा । थिऊरी और प्रैक्टिकल दोनों में आंतरिक मूल्यांकन नहीं होगा ।

8.1 रजिस्ट्रार परीक्षा समाप्त होने से चार सप्ताह बाद या जितनी जल्दी हो सके परिणाम घोषित करेगा ।

8.2 सफल परीक्षार्थियों को, जिन्होंने दोनों सिमैस्टरों के निर्धारित पेपर पास कर लिए हैं, बैचुलर आफ

फिजीकल ऐजुकेशन की डिग्री प्रदान की जायेगी। इन परीक्षार्थियों का वर्गीकरण निम्नानुसार होगा :—

1. जो कुल अंकों में से 75 प्रतिशत वैशिष्ट्य सहित अंक प्राप्त करते हैं — प्रथम दर्जा
2. जो कुल अंकों के 60 प्रतिशत कम या अधिक परन्तु 75 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त करते हैं — प्रथम दर्जा
3. जो कुल अंकों के 50 प्रतिशत या इससे अधिक परन्तु 60 प्रतिशत कम अंक प्राप्त करते हैं — द्वितीय दर्जा
4. जो कुल अंकों के 50 प्रतिशत कम अंक प्राप्त करते हैं — तृतीय दर्जा

8.3 प्रत्येक सफल परीक्षार्थी को डिग्री प्रदान की जाएगी जिसमें भाग 1 (थिऊरी) और भाग 2 (अध्यापन अभ्यास) में डिवीजन दर्ज की जाएगी।

18. कैलेन्डर, भाग 2, 1984 के पृष्ठ 66 पर बी० ए० (पास और आनर्ज) और बी० एस० सी० (पास और आनर्ज) परीक्षकों के लिए विनियम 3.7 में निम्नानुसार होगा :—

*3.7 जिस विद्यार्थी ने सम्बद्ध कालेज में भाग 1/2/3 परीक्षा के लिए शिक्षण का निर्धारित कोर्स पूरा कर लिया है, परन्तु इस परीक्षा में नहीं बैठता, या यदि बैठता है तो फेल हो जाता है, उसे सम्बद्ध कालेज के प्रिंसीपल की सिफारिश पर, लेट कालेज विद्यार्थी के तौर पर, नया शिक्षण, कोर्स किये बगैर, परीक्षा देने की निम्नानुसार आज्ञा दी जा सकती है।

(क) भाग 1 . . . आगामी दो लगातार वर्षों में

(ख) भाग 2 . . . आगामी दो लगातार वर्षों में भाग 3 . . . आगामी तीन लगातार वर्षों में ।

---

*1986 की परीक्षाओं से लागू

× × ×

19. कैलेन्डर, भाग 2, 1984 के पृष्ठ 70–71 पर बी० ए० (पास और आनर्ज) और बी० एस० सी० (पास और आनर्ज) परीक्षाओं के लिए विनियम 8.3 निम्नानुसार होगा :

8.3 बी० ए० भाग 2 परीक्षा का परीक्षार्थी 8.1 में दिए विषयों के अतिरिक्त, नीचे दिए विषयों में से एक विषय अतिरिक्त विषय के तौर पर लेगा, अर्थात—

(i) से (xxi) ××× ×××

बशर्ते कि —

1. कोई परीक्षार्थी उस विषय को अतिरिक्त विषय के रूप में नहीं लेगा जो उसने वैकल्पिक विषय के तौर पर लिया है, केवल उस विद्यार्थी को छोड़कर जिसने डिफेंस स्टडीज को वैकल्पिक विषय के तौर पर लिया है वह अतिरिक्त विषय के रूप में मिलिटरी ट्रेनिंग का विषय ले सकता है।
2. मिलिटरी ट्रेनिंग को नेशनल कैडिट कोर या एन० सी० सी० राइफल्स के सदस्य ले सकते हैं। एक नियमित विद्यार्थी जिसने कम से कम दो साल के एन० सी० सी० का शिक्षण पहले ही पूरा कर लिया है, वह भी मिलिटरी ट्रेनिंग ले सकता है अगर उसकी एन० सी० सी० में इनरोलमेंट नहीं है।

20. कैलेन्डर, भाग 2, 1984 के पृष्ठ 105–108 पर बैचुलर आफ लाइब्रेरी साइंस के नाम और विनियम 1.1, 7.3 और 9.2 अर्थात मास्टर आफ लाइब्रेरी साइंस के विनियम 1,3.1.3 (i), 3.2, 3.2 (बी), 3.3, 3.3 (ए) और 11 में परिवर्तन निम्नानुसार होगा :—

बैचुलर आफ लाइब्रेरी एंड इन्फरमेशन साइंस
(सिमैस्टर सिस्टम)

1.1 बैचुलर आफ लाइब्रेरी एंड इन्फरमेशन साइंस की डिग्री के लिए कोर्स की अवधि एक अकादमिक वर्ष होगी जिसके दो सिमैस्टर होंगे। प्रत्येक सिमैस्टर नीचे दिए अनुसार 17 सप्ताह का होगा
पहला सिमैस्टर : जुलाई 21 नवम्बर 30 तक
दूसरा सिमैस्टर : जनवरी 5 से मई 15 तक।

7.3 यदि कोई परीक्षार्थी पहले और दूसरे सिमैस्टर के किसी पेपर/पेपरों में फेल हो जाता है, उसे उस पेपर/पेपरों को पास करने के लिए परीक्षा देने के वास्ते लेट कालेज विद्यार्थी के रूप में आगामी दो लगातार वर्षों में बैठने की आज्ञा दी जा सकती है। दो वर्ष की अवधि उस समय से गिनी जाएगी जब वह दूसरे सिमैस्टर की परीक्षा देने के योग्य होगा। यदि वह इस समय में भी इन पेपरों को पास करने में असफल रहता है, उसका पहले और दूसरे सिमैस्टरों का परिणाम रद्द कर दिया जाएगा। ऐसे परीक्षार्थी को प्रत्येक सिमैस्टर के सारे कोर्स को नियमित-विद्यार्थी के तौर पर दुहराए बगैर बैचुलर आफ लाइब्रेरी इन्फोरमेशन साइंस परीक्षा में बैठने की आज्ञा नहीं दी जाएगी।

9.2 जिन सफल परीक्षार्थियों ने दोनों सिमैस्टरों के सभी निर्धारित पेपर पास कर लिए हैं, ऐसे बैचुलर आफ लाइब्रेरी एंड इन्फरमेशन साइंस की डिग्री प्रदान की जाएगी। इन परीक्षार्थियों का वर्गीकरण निम्नानुसार होगा :—

××× ××× ×××

मास्टर आफ लाइब्रेरी एंड इन्फरमेशन साइंस

1. मास्टर आफ लाइब्रेरी एंड इन्फो मेशन साइंस की डिग्री के लिये कोर्स की अवधि एक अकादिमक वर्ष होगी। और परीक्षा को दो

भागों में बांटा जाएगा—अर्थात पहले सिमैस्टर के अन्त पर भाग 1 और दूसरे सिमैस्टर के अन्त पर भाग 2 । भाग 1 की परीक्षा नवम्बर/दिसम्बर में होगी और फिर भाग 2 के साथ अगले वर्ष में अप्रैल/मई में होगी । जो परीक्षार्थी अप्रैल/मई में हुई भाग 2 की परीक्षा में फेल हो जाते हैं, उनके लिए अनुपूरक परीक्षा उसी साल नवम्बर में होगी ।

3.1 मास्टर आफ लाइब्रेरी एंड इन्फारमेशन साइंस की डिग्री के लिए कोर्स में दाखिले की कम से कम योग्यता होगी :—

1. कुल अंकों के कम से कम 50 प्रतिशत अंकों के साथ पंजाब यूनिवर्सिटी पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन लाइब्रेरी साइंस (एक वर्ष का कोर्स) अथवा पंजाब यूनिवर्सिटी बैचुलर आफ लाइब्रेरी साइंस/बैचुलर आफ लाइब्रेरी एंड इन्फारमेशन साइंस डिग्री :

(2) ××× ××× ×××

3.2 पहले सिमैस्टर की परीक्षा नियमित विद्यार्थी के लिए खुली होगी जिसे लाइब्रेरी एंड इन्फारमेशन साइंस विभाग के अध्यक्ष ने प्रमाणित किया हो—

(क) सदाचरण का धारणी,

(ख) यूनिवर्सिटी लाइब्रेरी एंड इन्फारमेशन साइंस विभाग में परीक्षा से पहले के एक सिमैस्टर में दाखिल ,

(ग) ××× ××× ×××

3.3 दूसरे सिमैस्टर की परीक्षा यूनिवर्सिटी के लाइब्रेरी एंड इन्फारमेशन साइंस विभाग के उस नियमित विद्यार्थी के लिए खुली होगी जिसने पहले सिमैस्टर की परीक्षा पास की हो या अथवा विनियम 8 के अधीन योग्य हो और लाइब्रेरी एंड इन्फारमेशन साइंस विभाग के अध्यक्ष ने प्रमाणित किया हो—

(क) परीक्षा पहले सिमैस्टर में यूनिवर्सिटी के लाइब्रेरी एंड इन्फारमेशन साइंस विभाग में दाखिला ।

11 प्रत्येक सफल विद्यार्थी डिप्लोमा प्राप्त करेगा जिसमें वह डिवीजन दर्ज की जाएगी जिसमें उसने मास्टर आफ लाइब्रेरी एंड इन्फारमेशन साइंस की डिग्री के लिए पास की है ।

× × ×

21. कैलेण्डर, भाग 2, 1984 के पृष्ठ 10 पर अस्थाई विनियम निम्नानुसार होगा :—

21. फेल हुए/कम्पार्टमेंट परीक्षार्थियों और उन विद्यार्थियों को छोड़कर जिन्होंने सम्बद्ध कालेज में पहले ही शिक्षण कोर्स पूरा कर लिया है, परन्तु उस अवधि में परीक्षा नहीं दी जिसकी इस परीक्षा से सम्बन्धित विनियमों के अधीन व्यवस्था की गई है, प्री-यूनिवर्सिटी परीक्षा 1986 की वार्षिक परीक्षा के बाद नहीं होगी ।

××× ××× ×××

चण्डीगढ़—160014

दिनांक नवम्बर, 17, 1987

एस० सी० धवन
डिप्टी रजिस्ट्रार (जनरल)

मेरी उपस्थिति में पंजाब यूनिवर्सिटी की साधारण मुहर से आज दिनांक नवम्बर, 17, 1987 को मोहरबन्द किया गया ।

एच० एल० शर्मा,
रजिस्ट्रार

क्रमांक 3-87/जी० आर०:—केन्द्रीय सरकार (मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग) ने अपने पत्रांक एफ० 15-1/87-डेस्क (यू०), दिनांकित 17-6-1987 द्वारा निम्नलिखित विनियमों को मंजूरी दे दी है :—

1. कैलेन्डर भाग 1, 1984 के पृष्ठ 164 पर अध्याय VI "यूनिवर्सिटी कर्मचारियों की सेवा शर्तें" का विनियम 17.9 निम्नानुसार होगा :

*17.9 वह कर्मचारी, जो अपनी इच्छा से सेवा निवृत्त होता है, उसे नियमों और विनियमों के अधीन ग्रेच्यूटी, फरलो और/अर्जित छुट्टी के रोकीकरण का लाभ प्राप्त होगा, जैसा कि उन कर्मचारियों की हालत में होता है जो अपनी सेवावधि समाप्त होने पर सेवा निवृत होते हैं ।

*30-9-1977 से लागू

2. कैलेन्डर, भाग II, 1984 के पृष्ठ 2-6 पर "प्राईवेट परीक्षार्थियों" के संबंध में विनियम 3.1 (एच) निम्नानुसार होगा :

3.1 विनियम 2 और 8 के अन्तर्गत निम्नलिखित व्यक्तियों को, यूनिवर्सिटी से सम्बद्ध किसी कालेज अथवा यूनिवर्सिटी के अध्यापन विभाग में शिक्षा का निर्धारित पाठ्यक्रम पूरा किए बगैर प्री-यूनिवर्सिटी (ह्यूमनिटीज अथवा फाईन आर्टस ग्रुप) बी० ए० और एम० ए० परीक्षाएं देने की अनुमति दी जा सकती है, यदि वे न्यूनतम योग्यताएं पूरा करते हों और संबंधित परीक्षा के लिए विनियमों में निर्धारित अन्य शर्तें को पूरा करते हों ।

××× ××× ×××

(एच) (क) स्थायी स्थल, वायु अथवा जल सेवाएं,

(ख) मर्चेन्ट नेवी, अथवा

(ग) टैरिटोरियल सेना (केवल स्थायी कर्मचारी) का सदस्य ।

यदि वह पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश या चंडीगढ़ के संघ क्षेत्र में नौकरी कर रहा हो, अथवा पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश या चंडीगढ़ के संघ क्षेत्र का स्थायी निवासी हो, बशर्ते कि वह दाखिला फार्म और परीक्षा के लिए फीस प्राप्ति की तिथि तक इस स्थिति में हो। यदि ऐसा व्यक्ति अपने पद से त्यागपत्र दे देता है अथवा सेनाधिकारियों द्वारा सेवा मुक्त कर दिया जाता है, तो भी उसे सेवा मुक्ति के तीन साल के अन्दर आज्ञा दी जा सकती है यदि वह इन राज्यों में से किसी भी राज्य का स्थायी निवासी हो।

××× ××× ×××

3. कैलेन्डर, भाग II 1984 में पृष्ठ 40–41 पर " परीक्षा संचालन से संबंधित विनियम 8.2 की वृद्धि निम्नानुसार होगी :

8. किसी अन्य विनियम में किसी अन्य बात के होते हुए भी सिंडीकेट को शारीरिक तौर पर स्थायी अपंग व्यक्ति के बारे में यह अधिकार होगा :—

(1) प्राईवेट परीक्षार्थी के रुप में अर्थात् किसी सम्बद्ध कालेज/यूनिवर्सिटी का स्थायी विद्यार्थी होने के बगैर उसे प्री० यूनिवर्सिटी (ह्यूमेनटीस अथवा फाईन आर्टस ग्रुप) बी० ए० अथवा एम० ए० परीक्षा में दाखिल करने का;

(2) (क) परीक्षा में उत्तर लिखने के लिए योग्य लिपिक की मुफ्त सेवाएं प्रदान करने का, और

(ख) तीन घटे की अवधि के पेपर में एक घंटा अतिरिक्त समय देने का;

(3) परीक्षार्थी द्वारा अपने आप उत्तर टाइप करने की आज्ञा देने का, यदि परीक्षार्थी ऐसा करना चाहे :

(4) यदि परीक्षार्थी बोल न सकता हो, या वह अपनी बात स्पष्टतापूर्ण परीक्षक तक न पहुंचा सकता हो या उसे मौखिक परीक्षा की बजाए लिखित परीक्षा की आज्ञा देने का भले ही पाठ्यक्रम में मौखिक परीक्षा लेने का व्यवधान किया गया हो;

(5) परीक्षार्थी की शैक्षिक योग्यता का मूल्यांकन करने के लिए किसी अन्य विधि को निर्धारित करने और उसका परिणाम घोषित करने का;

(6) किसी कोर्स में दाखिले के लिए योग्यता—निर्धारण की दृष्टि से, उस द्वारा परीक्षा में प्राप्त किए वास्तविक अंकों के अतिरिक्त पांच प्रतिशत अंक अधिक प्रदान करने का बशर्ते कि परीक्षार्थी सम्बन्धित कोर्स के लिए निर्धारित शर्तों के अनुसार वैसे योग्य हो, और उसे जिला के सिविल सर्जन, यूनिवर्सिटी से सम्बद्ध किसी मेडिकल कालेज या राष्ट्रीय महत्व की किसी संस्था के निदेशक/ प्रिंसिपल या प्रोफेसर द्वारा शारीरिक तौर पर स्थायी अपंग व्यक्ति प्रमाणित किया गया हो;

(7) विनियमों में निर्धारित की गई साधारण सीमा से अधिक दस प्रतिशत हाजिरियों की न्यूनता को माफ करने का।

बशर्ते की प्रत्येक अवस्था में परीक्षार्थी रजिस्ट्रार की सन्तुष्टि के लिए ऐसा प्रमाण पेश करेगा जिसे वह इस बात के लिए अनिवार्य समझता हो कि उसकी स्थायी अयोग्यता ऐसी है कि वह इन सुविधाओं के लिए विचारे जाने का अधिकारी है :

व्याख्या :

इस विनियम के लिए, शारीरिक तौर पर अपंग व्यक्ति का मतलब होगा :

(क) वह व्यक्ति जिसका काम करने वाला हाथ, दायां या बांया, लिख न सकता हो;

(ख) वह व्यक्ति जो ऐसे रोग से ग्रस्त हो जैसे पक्षाघात, रीढ़ की हड्डी की अन्य अयोग्यकारी अपंगविकृति, अथवा अन्य विकलांग विकृति, हृदय रोग अथवा कोई अन्य हालतें जिनकी वजह से वह शरीर की साधारण हरकत करने के अयोग्य हो; और

(ग) नेत्रहीन व्यक्ति :

*8.2 नेत्रहीन परीक्षार्थियों को सब परीक्षाओं के लिए शिक्षण फीस और दाखिला फीस देने से रियायत दी जाएगी।

*सेशन 1986–87 से लागू।

4. कैलेण्डर, भाग द्वितीय, 1984 के पृष्ठ 61.62 पर बी० ए० और बी० एस–सी० (पास और आनर्ज) परीक्षाओं के लिए विनियम 2.1 निम्नानुसार होगा :—

2.1 : वह व्यक्ति जिसने नीचे दी गयी परीक्षाओं में से कोई एक परीक्षा पास की हो, वह बी० ए०/ बी० एस० सी० कोर्स की पहले वर्ष (पार्ट–1) की कलास में दाखिला लेने के योग्य होगा :

(क) पंजाब यूनिवर्सिटी की प्री०–यूनिवर्सिटी परीक्षा;

(ख) पंजाब यूनिवर्सिटी की किसी ग्रुप में हायर सेकेण्डरी परीक्षा जिसमें हायर इंगलिश एक विषय के रूप में लिया गया हो। बशर्ते कि जिस विद्यार्थी

ने 1961 या 1962 में पंजाब यूनिवर्सिटी की हायर सेकेण्डरी परीक्षा बिना हायर इंगलिश के पास की हो, उसे इस शर्त के अन्तर्गत अस्थायी तौर पर दाखिल होने की अनुमति दी जा सकती है कि वह इस इंगलिश को अनुपूरक हायर सेकेण्डरी /प्री–यूनिवर्सिटी परीक्षा में पास कर लें; और यदि वह इस परीक्षा में बैठने या पास करने में अयोग्य रहता है, तो उसे अनुवर्ती हायर सेकेण्ड्री/प्री–यूनिवर्सिटी वार्षिक परीक्षा में इंगलिश का पेपर देने की आज्ञा दी जा सकती है।

बशर्ते कि ऐसे परीक्षार्थी का बी० ए०/बी० एस० सी०–भाग-1 परीक्षा का परिणाम, रद्द माना जाएगा, यदि वह हायर सेकेण्डरी/प्री०–यूनिवर्सिटी कोर्स की इंगलिश में अनुपूरक या वार्षिक परीक्षा में फेल हो जाता है ।

(ग) कोई अन्य परीक्षा जिसको सिंडीकेट ने (क) और (ख) के समान मान्यता दी हो ।

5. कैलण्डर, भाग–द्वितीय, 1984 के पृष्ठ 265–66 पर काउंसलिंग और गाइडेंस में पोस्ट–एम० ए० डिप्लोमा कोर्स के लिए विनियमों को हटा दिया जाए, क्योंकि इस डिप्लोमा का नाम बदल कर पोस्ट-ग्रेजुएट डिप्लोमा इन ऐजूकेशन टैक्नालोजी कर दिया गया है और इस डिप्लोमा के लिए विनियम कैलण्डर, भाग II, 1984 में अलग तौर पर उपलब्ध हैं ।

6. कैलेण्डर, भाग–II, 1964 के पृष्ठ 295 पर बी० काम० परीक्षा के लिए निम्नलिखित विनियम 11.7 को हटाना :

*"11.7 :जो परीक्षार्थी भाग 3 परीक्षा के उत्तर–पत्रों का पुनर्मूल्यांकन करवाना चाहता है, वह भाग–2 या भाग–3 की परीक्षाओं में सुधार करने के लिए अलग-अलग तौर पर या एक साथ बैठने के योग्य नहीं होगा ।

*1985 की परीक्षाओं से लागू ।

7. कैलेण्डर, भाग–II, 1984 के पृष्ठ 436–437 पर मास्टर आफ डैन्टल सरजीं परीक्षा के लिए विनियम 5.3 निम्नानुसार होगा :

*5.3(क) (1) मास्टर आफ डैन्टल सरजीं के लिए प्रत्येक परीक्षार्थी अपनी आवेदन पत्र दाखिला लेने की तिथि के छः महीने के अन्दर-अन्दर शिक्षा संस्था में विभाग के अध्यक्ष और शोध–निरीक्षक की मार्फत, अपने थीसिस के विषय की बोर्ड आफ स्टडीज-इन-डैन्टिस्ट्री की मंजूरी के लिए रजिस्ट्रार को भेजेगा ।

(2) यह थीसिस डैन्टिस्ट्री के विज्ञान और व्यवसाय के विषय के बारे में होगा ।

(3) शोध निरीक्षक और विभागाध्यक्ष यह प्रमाणित करेंगे कि वे उचित शोध के लिए आवश्यक सुविधाएं प्रदान करेंगे और परीक्षार्थी के शोध–कार्य का निरीक्षण करेंगे ।

(4) प्रत्येक परीक्षार्थी अपने थीसिस की तीन प्रतियां और 115/– रुपए फीस डैन्टल संस्था के प्रिंसीपल की मार्फत रजिस्ट्रार को भेजेगा । इसके साथ शोध-निरीक्षक और विभागाध्यक्ष का प्रमाणपत्र भी भेजा जाएगा जिस के अधीन परीक्षार्थी ने शोध-कार्य सम्पन्न किया था और जिसमें यह प्रमाणित किया जाएगा कि थीसिस में वर्णित शोध-विधि और आंकड़ों पर काम परीक्षार्थी ने खुद किया है ।

(5) थीसिस भाग–II की परीक्षा शुरू होने की तिथि से चार महीने पहले प्रस्तुत किया जाएगा । यह अवधि विशेष परिस्थितियों में :—

रजिस्ट्रार ‥ एक महीने तक ‥ द्वारा ‥

कुलपति द्वारा ‥‥‥ एक महीने से लेकर दो महीने तक बढ़ाई जा सकेगी ।

थीसिस टाइप करवाया हुआ होगा और यह उच्च स्तर का साक्षी होगा और साहित्यिक प्रस्तुति और अन्य बातों में संतोषकारी होगा । इसके अन्त में परीक्षार्थी द्वारा निकाले गए निष्कर्ष दिए जायेंगे ।

(ख) यदि कोई परीक्षार्थी बाद में अपने थीसिस का विषय बदलना चाहे, तो वह इसकी आज्ञा के लिए बोर्ड आफ स्टडीज इन डैन्टिस्ट्री को प्रार्थना-पत्र देगा ।

(ग) थीसिस में परीक्षार्थी की मौलिक शोध का अनुभव प्रस्तुत किया जाएगा और इसमें उद्धरित प्रकाशनों की सही सूची भी दी जाएगी । अपने थीसिस में परीक्षार्थी यह भी बताएगा कि उस द्वारा की गयी शोध डैन्टिस्ट्री व्यवसाय के ज्ञान को किस तरह आगे बढ़ाती है ।

*29–9–1986 से लागू ।

चण्डीगढ़—160014 हस्ताक्षरित

दिनांक नवम्बर 17, 1987 एस० पी० धवन

डिप्टी रजिस्ट्रार (जनरल)

मेरी उपस्थिति में पंजाब यूनिवर्सिटी की साधारण मोहर से आज दिनांक नवम्बर 17, 1987 को मोहरबन्द किया गया ।

एच० एल० शर्मा

रजिस्ट्रार

ORIENTAL BANK OF COMMERCE

PERSONNEL DEPARTMENT

HEAD OFFICE

New Delhi-110 001, the 17th November 1987

No. 3902.—In exercise of the powers conferred by Section 19 of the Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertakings) Act, 1970 (5 of 1970), the Board of Directors of Oriental Bank of Commerce in consultation with the Reserve Bank of India and with the previous sanction of the Central Government hereby makes the following regulations further to amend the Oriental Bank of Commerce (Officers') Service Regulations, 1982.

2. Short title and commencement :—(1) These regulations may be called the Oriental Bank of Commerce (Officers') Service (Amendment) Regulations, 1982.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

3. *Amendment to Regulation* 19

(i) The first proviso to Regulation 19(1) may be amended as under :

"Provided that the Bank may, at its discretion, on review by the Special Committee/Special Committee as provided hereinafter in sub-Regulation (2) retire an officer employee on or at any time after the completion of 55 years of age or on or at any time after the completion of 30 years of total service as on officer employee or otherwise, whichever is earlier."

(ii) The following proviso may be added after the second proviso to sub-Regulation (1) of Regulation 19 :

"Provided further that an Officer aggrieved by the order of the Competent Authority, as provided in Sub-Regulation (2), may, within *one month* of the passing of the order, give in writing a representation to the Board of Directors against the decision of the Competent Authority, and on receipt of such representation from the concerned officer, the Board of Directors shall consider his representation and take a decision within a period of three *months*. Where the Board of Directors decided that the order passed by the Competent Authority is not justified, the concerned officer shall be reinstated as though the Competent Authority has not passed the order."

(iii) Amendment to Regulation 19 may be carried out by inserting ", Committees" or "/Special Committees" after the words "Committee" or "Special Committee" wherever appearing in the said Regulation.

Amendment to Regulation 6(2)

6(2) "For the purpose of categorisation of posts under sub-Regulation (1), every branch of the Bank shall be classified by the Bank, in accordance with the criteria to be approved by the Government, as small medium, large, very large or exceptionally large category."

Amendment to Regulation 12

(a) At the beginning of Regulation 12(2), add the words "save as provided in sub-regulation (3)".

(b) After Regulation 12(2), add the following Regulation 12(3) :

"Any officer who has exercised option referred to in sub-regulation (i) and continues to draw pay and allowances according to his entitlement in the service of the Bank immediately prior to the appointed date, in terms of sub-regulation (2) shall be allowed to opt for pay and allowances as applicable under these regulations on and from 1-2-1984. On exercising such option, he will be fitted notionally on the appointed date into the new scale of pay in the manner referred to in Regulation 8 and after granting him the increments he would have received in terms of these regulations upto 31-1-1984, he shall be fitted in the scale of pay set out in Regulation 4(1) as on 1-2-1984 in accordance with the guidelines of Government issued thereunder.

Provided that if the aggregate of pay and allowances payable under these regulations to the officer after fitment as above is lower than the aggregate of pay and allowances that were payable to him as on 31-1-1984 before such fitment, the difference shall be paid to him as a Personal Allowance which shall be absorbed in the future increments to the extent of 33-1/3 per cent of each such increment or 33-1/3 per cent of the increase in the salary as a consequence of such increment, whichever is lower.

Amendment to Regulation 41 (1)

"In Regulation 41 (1), the words and figures Rs. 2675/-" and "Rs. 3000/-" wherever appearing therein may be substituted by the words and figures "Rs. 2650/-" and "Rs. 2925/-" respectively.

Amendment to Regulation 41 (4)

"On and from 1-1-1987, an officer in the Grades/Scales set out in column 1 of the Table below shall be entitled to Halting Allowance at the corresponding rates set out in Column 2 thereof :—

Grades/scales of officers	Daily Allowance (Rupees)		
	Major 'A' class cities	Area I	Other places
1	2	3	4
Scales VI & VII .	100·00	80·00	60·00
Scales IV & V .	100·00	80·00	60·00
Scales II & III . .	70·00	60·00	50·00
Scale I . . .	70·00	60·00	50·00

Provided that

(a) Where the total period of absence is less than 8 hours, but more than 4 hours, Halting Allowance at half the above rates shall be payable.

(b) Officers in various Grades/Scales may be reimbursed the actual hotel expenses restricting to single room accommodation hareges in ITDC hotels, subject to the limits as given below :—

Grades/scale of Officers	Eligibility to stay	Boarding Charges (Rs)		
		Major 'A' class cities	Area I	Others places
1	2	3	4	5
Scale VI & VII	4* Hotel	100·00	80·00	60·00
Scales IV & V	3* Hotel	100·00	80·00	60·00
Scales II & III	2* Hotel (Non A.C.)	70·00	60·00	50·00
Scale I	1* Hotel (Non A.C.)	70·0	60·00	50·00

(c) Where free lodging is provided at the place of halt, ¼th of the Halting Allowance will be admissible.

(d) Where free boarding is provided at the place of halt, ½ of the Halting Allowance will be admissible.

(e) Where free lodging and free boarding are provided at the place of halt, ¼th of the Halting Allowance will be admissible.

(f) A supplementary Diem Allowance of Rs. 10/- per day of halt outside headquarters on inspection duty may be paid to all inspecting officers.

Explanation :

For the purpose of computing Halting Allowance "per diem" shall mean each period of 24 hours or any subsequent part thereof, reckoned from the reporting time for departure in the case of air travel and the scheduled time of departure in other

cases, to the actual time of arrival. Where the total period of absence is less than 24 hours, "per diem" shall mean a period of not less than 8 hours.

O. P. MAHAJAN
Chief Manager (Per.)

THE INSTITUTE OF CHARTERED ACCOUNTANTS OF INDIA

Bombay-400005, the 20th October 1987

